been taken up to identify posts at various levels that could be surrendered|abolished The review is still in progress. It is not possible at this stage to indicate the percentage of reduction in expenditure on account of abolition/surrender of posts.

(d) Central Civil Services (Redeployment of Surplus Staff Rules, 1990, lay down detailed guidelines for redeployment of surplus personnel.

विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं को प्राथमिकता

844. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पिछड़े जिलों में केवल ऐसी परियोजनाओं के कार्यान्वयन को प्राथमिकता दे रही है जिनके लिए विदेशी सहायता प्राप्त हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों में राज्यवार प्रतिवर्ष ऐसी कितनी परियोजनायें आरंभ की गई; और

(ग) ऐसी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जिन्हें आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान विभिन्न राज्यों में आरंभ किए जाने का विचार है।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) सरकार द्वारा प्राप्त की गई विदेशी सहायता, संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए उपलब्ध संसाधनों के केन्द्रीय भंडार में पहुंच जाती है और राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के बीच उसका आबंटन हमारी आयोजनागत प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। तथापि, योजना तैयार करते समय यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक राज्य संघ राज्य क्षेत्र को उचित अंश दिया जाये।

(ख) सूचना नीचे दी गई है :—

इन वर्षों में परियोजनाओं की संख्या

राज्य का नाम	1988 −89	1989 −90	1990 −91
आंध्र प्रदेश	1	3	4
गुजरात	—	1	—
कर्नाटक	4	5	—
केरल	1	—	—
मध्य प्रदेश	3	—	—
महाराष्ट्र	1	1	1
उड़ीसा	2	1	—
पंजाब	—	2	—
राजस्थान	1	3	—
तमिलनाडु	3	5	3
उत्तर प्रदेश	2	1	4
पश्चिम बंगाल	2	—	3
बहुराज्य	2	—	8
जोड़	22	22	23

(ग) विदेशी संसाधन, योजना अवधि के दौरान कुल निवेश परिव्यय और उपलब्ध आंतरिक संसाधनों के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए जुटाये जाते हैं। सहायता की राशि हमारी वर्ष-दर-वर्ष सहायता संबंधी आवश्यकताओं तथा अंतर्राष्ट्रीय सहायता की स्थिति पर निर्भर करती है। 1 अप्रैल, 1992 से शुरू होने वाली आठवीं योजना को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और इसलिए आठवीं योजना की अवधि के दौरान परिकल्पित राशियों तथा आवश्यक विदेशी सहायता के स्वरूप के बारे में इस समय कुछ बताना संभव नहीं है।

Release of foreign exchange for import of cotton

845. DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government consideration to release foreign exchange to import cotton; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) Yes, Sir.